*प्रेसनोट*

*दिनांक 24.05.2023*

***पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में आज दिनांक:- 24.05.2023 को जनपद में अपराधियों के विरूद्व व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरण*:-**

- थाना अमरोहा देहात पुलिस द्वारा आत्महत्या के उकसाने तथा दहेज के लिये प्रताडित करने से सम्बन्धित अभियोग में वांछित अभियुक्त रामौतार उर्फ महाराज सिंह पुत्र कल्लू सिंह नि0 देहरा नौगावां सादात जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना बछरायूं पुलिस द्वारा आपराधिक साजिश व बहला फुसलाकर ले जाने से सम्बन्धित अभियोग में वांछित अभियुक्तों 1. योगेंद्र पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम सूजमना थाना बछरायूं जनपद अमरोहा 2. परम सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम कुमार पुरा थाना बछरायूं जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना हसनपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त रंजीत पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम रखेड़ा थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना हसनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना हसनपुर पुलिस द्वारा सडक पर अवैध रुप से कब्जा करके आने जाने वाले राहगीरों से टेम्पो/थ्री व्हीलर खडा करके डरा धमकाकर अवैध रुप से वसूली करने वाले अभियुक्त आदिल पुत्र यासिन नि0 मौ0 कालाशहीद थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को मय एक रजिस्टर खाता वही व मोबाईल फोन गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 16 व्यक्तियों का चालान धारा 151 द0प्र0सं0 में किया गया जिसमें थाना डिडौली पुलिस द्वारा 04 व्यक्ति, थाना बछरायूं पुलिस द्वारा 03 व्यक्ति, थाना गजरौला पुलिस द्वारा 03 व्यक्ति, थाना रजबपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्ति, थाना सैदनगली पुलिस द्वारा 03 व्यक्ति व थाना आदमपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति व्यक्ति का धारा 151 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत चालान किया गया।